भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +5099
सोमवार, 4 अप्रैल, 2022/14 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में जनजातीय पर्यटन को प्रोत्साहन

+5099. **श्री महेश साहूः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास ओडिशा राज्य में जनजातीय पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए कोई कार्यक्रम है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा जनजातीय संस्कृति और कला संबंधी कार्यों को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए की गई पहल का ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान राज्य में पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ओडिशा सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है और विज्ञापन, सोशल मीडिया प्रचार, संवर्धनात्मक कार्यक्रमों आदि जैसी अपनी चल रही प्रचार गतिविधियों के माध्यम से आदिवासी पर्यटन उत्पादों को भी प्रोत्साहित करता है । पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत आदिवासी थीम की भी एक थीम के रूप में पहचान की है और इस थीम के तहत देश में पर्यटन की बुनियादी संरचना के विकास के लिए 371.47 करोड़ रुपए की राशि से चार परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है । इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन और तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) योजनाओं के तहत ओडिशा सहित देश में पर्यटन की बुनियादी संरचना के विकास के लिए परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। ओडिशा राज्य में इन योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **संलग्न** है ।

संस्कृति मंत्रालय ने सूचित किया है कि पूरे देश में लोक/जनजातीय कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों की रक्षा, प्रचार और संरक्षण के लिए, भारत सरकार ने सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (जेडसीसी) स्थापित किए हैं । यह क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र आदिवासियों/अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए जनजातीय क्षेत्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशालाएं, प्रदर्शनियां और शिल्प मेले जैसी कई तरह की गतिविधियों का संचालन करते हैं । संस्कृति मंत्रालय का प्रदर्शन कला ब्यूरो लोक/जनजातीय कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों के परिरक्षण, प्रचार और संरक्षण के लिए विभिन्न वित्तीय अनुदान योजनाओं को भी कार्यान्वित करता है ।

*****

अनुबंध

ओडिशा में जनजातीय पर्यटन को प्रोत्साहन के संबंध में दिनांक 04.04.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +5099 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत 2014-15 में इसकी स्थापना के बाद से ओडिशा में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रुपये में)

योजना का नाम	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**	**उपयोग की गई राशि**
स्वदेश दर्शन	गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और ताम्परा का विकास	70.82	56.65	52.94
प्रशाद	मेगा परिपथ के तहत देउली में पुरी, श्री जगन्नाथ धाम-रामचंडी-प्राची रिवर फ्रंट में आधारभूत संरचना विकास"	50.00	10.00	--

*****